






नवभारत 04

इंदौर, रविवार, 10 मई 2026


# आसमान से बरसी आग, अधिकतम पारा 43 .8, रात का तापमान भी उछला

## 14 किमी की रफ्तार से चली उत्तर-पश्चिमी हवाएं, लू के थपेड़ों से शहरवासी बेहाल

**शाजापुर । आसमान पर छा रहे बादल और बूंदाबांदी का दौर थमने के बाद दोबारा गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। शनिवार को ही तापमान 43 ।8 डिग्री पहुंच गया। दिन में आसमान पर बादल नहीं होने के कारण धूप ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। वहीं 14 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चले लू के थपेड़ों ने भी लोगों को झुलसा दिया।**

हालांकि इसके पहले तापमान 44 डिग्री तक जा चुका है। इसके बाद आसपास के जिलों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश से नगर का मौसम भी बदला था, जिससे नगरवासियों को तीन दिन से गर्मी से राहत मिली हुई थी और तापमान भी 40 के नीचे पहुंच चुका था। लेकिन शुक्रवार से गर्मी के तेवर फिर तीखे होने लग गए, जिससे लोगों के पसीने छूटने लगे हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 43.8 व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अब राहत के आसार नहीं है। आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी होगी।



### शीतल पेय की डिमांड बढ़ी...

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से लोग झुलस रहे हैं। ऐसे में डिहाइड्रेशन की समस्या भी सामने आ रही है। शरीर में पानी की कमी की पूर्ति के लिए विशेषज्ञों द्वारा सलाह भी दी जा रही है। इधर शहर में गन्ने का रस, कोल्ड ड्रिंक्स, आईसक्रीम आदि की मांग भी बढ़ रही है।

**दिन भर चली गर्म हवाएं...**

शनिवार को सुबह से ही मौसम ने पूरे दिन होने वाले मौसम के मिजाज का आभास करवा दिया था। इस दिन सुबह से ही धूप की तेजी लोगों को चुभने लगी थी। इसके बाद 11 बजे से दिनभर गर्म हवाओं ने नगर में डेरा डाले रखा, जिसके चलते लोगों को पूरे दिन एसी, कूलर व पंखों के सहारे गुजारना पड़ा। शाम को भी गर्म हवाओं का असर रहा और देर शाम तक भी लोगों के पसीने छूटते रहे।

### इसी माह नवतपा भी...

अभी मई माह की शुरुआत है। इस माह के शुरुआती दिनों में जरूर गर्मी से राहत मिली, लेकिन अब 15 जून तक गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है। यही नहीं इसी माह 25 मई से नवतपा की शुरुआत होगी और इन 9 दिनों में यानि 2 जून तक गर्मी चरम पर रहेगी। संभावना है कि इस दौरान तापमान 45 डिग्री से अधिक भी जा सकता है। धनोतिया के अनुसार अब बारिश की भी कोई संभावना नहीं है।



## एक नजर में

### गेहूं खरीदी के बारदान पर छपाई सही नहीं होने के कारण समिति प्रबंध को थमाया शोकाज...



**मोहन बड़ोदिया ।** कलेक्टर ऋजु बाफना ने शनिवार शाम 4 .30 बजे शाजापुर जिले में उपार्जन केन्द्रों पर किए जा रहे गेहूं उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर बाफना ने पैक्स करजू, पैक्स दुधाना, पैक्स मोहना, पैक्स चौमा, प्राथमिक सहकारी संस्था बुड़लाय, पैक्स दुपाड़ा एवं पैक्स खेरखेड़ी केंद्रों पर किए जा रहे गेहूं उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पैक्स मोहना में बारदाना पर छपाई सही नहीं होने पर समिति प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री बाफना ने उक्त सभी केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता एवं परिवहन की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने खुले में की जा रही खरीदी केन्द्रों पर वर्षा की संभावना को देखते हुए तिरपाल की आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने, आवश्यकता पड़ने पर तौल कांटों की संख्या बढ़ाने, वेयरहाउस की भण्डारण क्षमता अनुसार भण्डारण करने तथा उपज का समय पर परिवहन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित प्रबंधकों को उपार्जन कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए कि बिल बनाकर किसानों का भुगतान समय पर कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारदाना की उपलब्धता, तौल कांटों की संख्या, भंडारण व्यवस्था, किसानों की बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

**स्लॉट बुकिंग और बिल भुगतान की जानकारी ली**

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर स्लॉट बुकिंग, बिल भुगतान, उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर जिस उपार्जन केन्द्र के लिए स्लॉट बुक किया है और उस उपार्जन केन्द्र पर अत्यधिक भीड़ होने से उपार्जन में ज्यादा दिन का समय लग रहा है, तो वे अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र जहां भीड़ कम हो, तो जिला आपूर्ति अधिकारी के माध्यम से अपना स्लॉट ट्रांसफर करा सकते हैं । इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, तहसीलदार मो। बड़ोदिया, उपायुक्त सहकारिता ओपी गुप्ता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री कोमल डहाके भी उपस्थित थी।

### तीन दिन में नाबालिग बालिका को कर लिया बरामद

**मोहन बड़ोदिया।** मोहन बड़ोदिया पुलिस ने महज तीन दिन में नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर आरोपी को कार सहित गिरफ्तार किया है। बता दें 6 मई को फरियादी ने थाना मो। बड़ोदिया आकर रिपोर्ट की कि उसकी 16 साल की नाबालिग बालिका जो कि बीती शाम को अपनी मम्मी को खेत से बुलाने के लिए निकली थी, जिसे कोई अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया है। जिस पर से थाना मो। बड़ोदिया पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शाजापुर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहृता की शीघ्र पतारशी हेतु 5000 रुपए के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। विवेचना के दौरान शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि अरविंद सिंह तोमर द्वारा एक टीम का गठन कर अपहृता की तलाश में लगाया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों, सहपाठियों एवं आस पास के लोगों से पूछताछ की गई एवं जिला सायबर सेल शाजापुर से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए।




**धतरावदा से किया बरामद**

पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए अपहृता को ग्राम धतरावदा जिला राजगढ़ से दिनांक 9 मई को आरोपी लोकेन्द्र सिंह पिता बाबूसिंह राजपूत के कब्जे से सकुशल बरामद किया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक कार जब्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि। अरविंद सिंह तोमर, उनि। केएन यादव, प्र। आर। जितेन्द्र सितपरा, आर। शैलेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र गुर्जर, मआर कीर्ति मण्डोत और सायबर सेल टीम की भूमिका रही।

### कुएं में गिरी तीन नीलगाय

**शाजापुर ।** जिले के ग्राम कलवा में शुक्रवार रात तीन नीलगायें एक कुएं में गिर गईं। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने करीब दो घंटे के रेस्क्यू आपरेशन के बाद तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, ये गायें रातभर कुंए में रही। सुबह ग्रामीणों ने इनकी आवाज सुनी तब ऑपरेशन शुरू हो सका। ये नीलगायें किसान कमल पिता मानसिंह के खेत पर बने कुएं में गिबर गई थी। शनिवार दोपहर ग्रामीणों ने कुएं से उनकी आवाज सुनीं और तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम डिप्टी रेंजर अशोक बघेल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। सुबह करीब 11 बजे टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुएं में पानी भरा होने के कारण नीलगायें काफी देर तक उसमें फंसी रहीं, जिससे बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया था। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से रस्सियों और अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर नीलगायों को बाहर निकालने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों नीलगायों को सफलतापूर्वक कुएं से बाहर निकाला गया। वन विभाग की टीम ने नीलगायों का प्राथमिक परीक्षण किया।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने किया नो शेक हैंड, ओनली नमस्ते अभियान शुरू

## वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कारों और भारतीय परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक...

**शुजालपुर । भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं ज्ञान परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित नो शेक हैंड ओनली नमस्ते अभियान का शुभारंभ गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री परमार ने महाविद्यालय परिसर में एनएसएस द्वारा स्थापित जीव हिताय अन्न सेवा स्थल का लोकार्पण भी किया। उल्लेखनीय है कि नो शेक हैंड ओनली नमस्ते अभियान एवं जीव हिताय अन्न सेवा स्थल दोनों नवाचार देवेन्द्र कुंभकार द्वारा प्रारंभ किए गए हैं, यह अभिनव पहल भारतीय संस्कृति, मानवीय मूल्यों एवं जीव-दया की भावना को बढ़ावा देने हेतु शुरू की गई है।**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री परमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नमस्ते केवल अभिवादन नहीं, बल्कि सम्मान, विनम्रता एवं आत्मीयता का प्रतीक है, उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अपनी जड़ों, संस्कारों एवं भारतीय परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नमस्ते भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से भी वैज्ञानिक एवं सुरक्षित है, युवाओं को पाश्चात्य प्रभाव से बाहर निकलकर भारतीय संस्कृति को अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम में एनएसएस इकाई एवं इको क्लब द्वारा स्थापित जीव हिताय अन्न सेवा स्थल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, इस पहल के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में नियमित रूप से पक्षियों एवं अन्य जीवों के लिए दाना एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी। अन्न सेवा स्थल की सहायता से महाविद्यालय परिसर में पक्षियों की जैव विविधता में वृद्धि हुई है। इस दौरान विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने नो शेक हैंड ओनली नमस्ते अभियान को अपनाने का संकल्प लिया।

**समर कैंप का अवलोकन भी किया**

मंत्री परमार ने समर कैंप के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेल एवं गतिविधियों का अवलोकन भी किया, उन्होंने सर्वप्रथम किड्स ग्रुप के साथ छोटे बच्चों को योग करते हुए देखा तथा उनकी अठखेलियों का आनंद लिया। इसके पश्चात लाठी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत लाठी संचालन प्रदर्शन को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। आर्मी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक खेल पिट्ठू सतोलिया में मंत्री परमार स्वयं शामिल हुए एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस ग्रुप द्वारा आयोजित रिले रेस का अवलोकन करने के साथ ही उन्होंने फिटनेस ग्रुप के विद्यार्थियों से संवाद किया। इसी क्रम में मंत्री परमार ने महाविद्यालय स्थित नक्षत्र एवं नवग्रह वाटिका का भ्रमण कर विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने समस्त खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया तथा महाविद्यालय खेल परिसर की साफासफाई में भी अपना योगदान दिया। मंत्री परमार ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को स्वच्छता, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए, क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। उन्होंने समर कैंप की थीम शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् का उल्लेख करते हुए कहा कि शरीर ही जीवन के समस्त कर्तव्यों एवं धर्म पालन का प्रथम साधन है, समर कैंप का संपूर्ण आयोजन देवेन्द्र कुंभकार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, देवेंद्र तिवारी सहित महाविद्यालय परिवार, प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेवक, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वॉश ऑन व्हील सेवा की हुई समीक्षा

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हुआ आयोजन

**आगर-मालवा । जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीएस सोलंकी ने की।**



बैठक में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित ओवरहेड टंकियों तथा विद्यालयों में स्थापित जल भंडारण टंकियों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से पंजीकृत स्वच्छता साथी सेवा प्रदाताओं को इस कार्य में शामिल किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तकनीकी रूप से चिन्हित श्जल मित्रोंश् को वॉश ऑन व्हील सेवा से जोड़कर प्रशिक्षण प्रदान करने तथा स्वच्छता साथियों के सेवा शुल्क निर्धारण संबंधी विषय पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वॉश ऑन व्हील सेवा अंतर्गत नई सुविधाओं के लिए सेवा शुल्क निर्धारण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मध्यप्रदेश द्वारा 6 फरवरी 2026 को जारी राज्य दर अनुसूची के प्रावधानों के अनुसार जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। बैठक में समिति सदस्य सचिव, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं अभियान परिषद के सहायक यंत्री उपस्थित रहे।

### साफ- सफाई के लिए निर्देश...

बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत सोलंकी ने निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से स्वच्छता साथियों एवं जल मित्रों का प्रशिक्षण प्राथमिकता के आधार पर आयोजित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायत परिसरों एवं संस्थागत शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पानी की टंकियों की साफ-सफाई तथा नल-टोटी मरम्मत कार्यों के लिए ऑनलाइन मांग प्राप्त करने की व्यवस्था भी वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से संचालित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

### गायत्री शक्तिपीठ में मनाया 39वां स्थापना दिवस

**शाजापुर ।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ का 39वां स्थापना दिवस शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः गायत्री यज्ञ से हुई, जिसके बाद सुबह 8 ।45 बजे वेदमाता गायत्रीए मां सरस्वती और मां दुर्गा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के गायत्री परिजनोंए श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने अपने ।अपने घरों से भोग तैयार कर गायत्री माता को अर्पित किया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने गायत्री शक्तिपीठ की धार्मिक, सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों के प्रति अपना समर्थन भी व्यक्त किया। स्थापना दिवस समारोह में प्रतिदिन गायत्री उपासना करने और शुद्ध सात्विक भोजन अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही आगामी अधिकमास में गरासिया घाट स्थित हर्बल गार्डन में होने वाले दैनिक यज्ञ में सहभागिता का आह्वान किया गया। वहीं गायत्री जयंती गंगा दशहरा तक बच्चों को गायत्री चालीसा कंठस्थ कराने का संकल्प लिया।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह में जमकर झूमे श्रद्धालु



**शाजापुर। समीपस्थ ग्राम मालीखेड़ी में आयोजित श्री भैरव रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा प्रवक्ता सुश्री समप्रिया दीदी ने व्यासपीठ से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया।**

कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी विवाह प्रसंग का मनोहारी आयोजन किया गया। इस दौरान मालीखेड़ी के भक्त बाराती बनकर धार्मिक भजनों पर झूम उठे और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रतिदिन आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जा रही है। आयोजकों के अनुसार रविवार को श्री भैरव रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ सात दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

## एक नजर में

### शासकीय नेहरू महाविद्यालय में किया व्याख्यान माला का आयोजन

# मोबाइल दोस्त है या दुश्मन विषय पर वक्ताओं ने रखे अपने विचार

**आगर-मालवा । शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर में प्राचार्य डॉ. रंजू गुप्ता के मार्गदर्शन में अर्थशास्त्र विषय में रोजगार के अवसर एवं ऑरेंज इकोनामी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय आलोट से अर्थशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. विक्रम सिंह गेहलोत द्वारा ऑरेंज इकोनामी में अर्थशास्त्र विषय में रोजगार की क्या-क्या संभावना है, विषय पर व्याख्यान दिया गया।**



डॉ. गेहलोत ने विद्यार्थियों को सफलता की बारीकियां को बताते हुए समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया एवं उन्होंने आज के परिप्रेक्ष्य में मोबाइल का उपयोग कितना लाभकारी है मोबाइल दोस्त है या दुश्मन इसके बारे में बताते हुए मोबाइल के दुरुपयोग क्या-क्या हो सकते हैं विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ। रेखा गुप्ता ने भी अपने विचार विद्यार्थियों से साझा किए एवं व्यक्तित्व के विकास में योग एवं मेडिटेशन की क्या भूमिका है। इसके बारे में बताते हुए 10 मिनट के लिए ध्यान करवाया ध्यान का आज के जीवन में कितना महत्व है, किस तरह से ध्यान के माध्यम से तनाव को प्रबंधित किया जा सकता है, उसके बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की।

### सफलता के मूल मंत्र बताए...

अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ। हंसराज पाटीदार ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए एवं सफलता के मूल मंत्र बताते हुए तनाव प्रबंधन, स्वॉट एनालिसिस एवं लक्ष्य निर्धारण में क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, इसके बारे में विद्यार्थियों को बताया। इसी कड़ी में डॉ। गोविंद पाटीदार ने भी आज के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व को बताते हुए अपने विचार साझा किए। संचालन डॉ। हंसराज पाटीदार ने किया। आभार डॉ। गोविंद पाटीदार ने माना।

### 40 वर्ष पूर्ण होने पर दृष्टि मित्रों का किया सम्मान

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नव निर्मित चिकित्सालय भवन में दृष्टि मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न जिलों से आए दृष्टि मित्रों का शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि इस अवसर पर संत सिद्ध भाऊ ने अपने संबोधन में कहा कि परमहंस संत हिरदाराम साहिब द्वारा स्थापित शिक्षा एवं स्वास्थ्य संस्थान धन कमाने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि मानव सेवा के लिए संचालित किए जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि ये संस्थान स्वयंसेवकों की सेवाओं तथा उदार परोपकारी व्यक्तियों के दान से संचालित एवं वित्तपोषित हैं।